तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 3 मई 2024

4
सेंट्रल स्कूल में चल रहे माइक्रो आब्जर्वर मतदान दल के प्रशिक्षण का निरीक्षण





## खबर संक्षेप



### रायगढ़ से अयोध्या के लिए रवाना हुई बस

**रायगढ़।** शहर से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए नियमित बस सेवा गुरुवार से आरंभ हो गई। जिले के बडे.पब्लिक ट्रांसपोर्टर वासुदेव बस सर्विस के द्वारा 2 मई को वैदिक विधि से पूजा अर्चना कर अपरान्ह 3 बजे सवारियों से भरी बस केवड़ाबाडी बस स्टैंड से अयोध्या के लिए रवाना हुई। श्रीराम के जयघोष के साथ रवाना हुई लग्जरी बस में सेवा शर्तों के मुताबिक़ यात्रियों की सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखने अनुभवी स्टाफ व कुशल चालक की नियुक्ति की गई है। करीब 18 घंटे का सफर तय कर 3 मई को सुबह 9 बजे वासुदेव बस अयोध्या पंहुचेंगी तथा इसी दिन अपरान्ह 3 बजे पुनः रायगढ़ के लिए रवाना हो जाएगी। रायगढ को अयोध्या से जोडने वाली पहली परिवहन सेवा में पहली बार सफर कर रहे यात्री भी उत्साहित नजर आए और बारंबार जय श्रीराम के जयघोष के स्वर बस स्टैंड में गूंजते रहे। बस परिचालन के पूर्व पूजा पाठ के कर्मकांड की औपचारिता ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष पं. हरेराम तिवारी ने पूर्ण की और सुरक्षित एवं सुगम सफर की मंगल कामना के साथ श्रीफल फोड़कर बस को रवाना किया गया। वहीं दूसरी तरफ इस बहुप्रतिक्षित बस सेवा के शुरु होने से रायगढ अब बनारस,अयोध्या, जौनपुर समेत पूर्वांचल यूपी के बडे.जिलों के सीधे सम्पर्क में आ गया है और रायगढ में रहने वाले इन क्षेत्रों के लोगों को एक लग्जरी बस सर्विस का लाभ नियमित रुप से मिल सकेगा जिसे लेकर लोगों ने हर्ष भी जाहिर किया है।

### पूर्व विधायक ने पी लिया कीटनाशक, बची जान

**रायगढ़।** बुधवार देर शाम पूर्व नगर विधायक प्रकाश नायक ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया। नायक को परिजनों नें तत्काल सेवा कुंज रोड स्थित डा. रुपेन्द्र पटेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया वहां इलाज के बाद प्रकाश नायक की हालत खतरे से बाहर बताकर उन्हें घर में स्वास्थ लाभ लेने की नसीहत दी गई। पूर्व विधायक के इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है और सूत्रों के मुतिबिक ना ही नायक अथवा उनके परिजनों एवं करीबियों ने पुलिस को इस विषय में कोई जानकारी दी है।दर असल 2 मई को सुबह ही पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रकाश नायक के घर अन्य विधायकों व नेताओं के साथ भोजन किया और शाम होते तक प्रकाश नायक के भाई तथा जिपं सदस्य कैलाश नायक कोरबा में भाजपा में शामिल हो गए। राजनैतिक हल्के में कैलाश के इस निर्णय के लेकर बडे. भाई से हुई तकरार को जोडकर टेंशन और आवेश में प्रकाश के आत्मघाती कदम उठाने की चर्चा का बाजार गर्म है।

### व्यवसायी के घर से मिली वन्य जीव की खाल



**रायगढ़।** शहर के सतीगुडी चौक स्थित व्यवसायी आकाश शर्मा के निवास पर गुरुवार दोपहर वन विभाग के रेंजर ने बल के साथ छापामार कार्रवाई की। उक्त कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर की गई। वन विभाग ने सर्च वारंट के आधार पर जब घर की तलाशी ली तो उन्हें एक साबुत वन्यजीव की खाल मिली। इस खाल को वन विभाग ने बरामद करते हुए जांच हेतु फारेंसिक लैब भेजने की जानकारी दी है। वहीं सर्चिंग के दौरान आकाश शर्मा घर में मौजूद नहीं था। रेंजर ने बताया कि आकाश शर्मा के गिरफ्त में आने के बाद उसके बयान से ही इस वन्यजीव की खाल से जुडे तमाम सवालों का जवाब मिल सकेगा। जब्त की गई खाल की कीमत लाखों में आंकी गई है।

### 4 वर्षीय कोर्स में 75 प्रतिशत अंक अनिवार्य, यूजीसी नेट फिर से ऑफलाइन मोड में

# अब नेट व पीएचडी के लिए नहीं करनी होगी पीजी, यूजीसी ने किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिन विद्यार्थियों ने चार साल की बैचलर डिग्री हासिल की है उनके लिए खुशखबरी है। इन बैचलर डिग्री वाले विद्यार्थियों को पीएचडी करने के लिए अब पीजी करने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा नेट परीक्षा का फॉर्म भरने के लिए भी एमए डिग्री की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी ने बदलाव किए हैं। इससे नेट व पीएचडी करने वाले देश के लाखों विद्यार्थियों को राहत मिली और उनके लिए राह आसान हो गई है। पहले इसके लिए एमए करना अनिवार्य था।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने यूजीसी नेट जून 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नेट जून 2024 के लिए फॉर्म 10 मई की रात 11.50 तक भर सकेंगे। इसके बाद मौका नहीं मिल पाएगा। इस बार नेट ओएमआर शीट पर ऑफलाइन पेन पेपर मोड में 16 जून को होगी। कुल 83 विषयों की परीक्षा एक साथ एक दिन में ही करवाई जाएगी। यूजीसी नेट दिसंबर 2018 से कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में हो रहा है। यूजीसी द्वारा समय. समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी नॉन क्रिमी लेयर, दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और कुछ अन्य श्रेणियों के विद्यार्थियों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।




#### तीन श्रेणियों में पात्रता होगी घोषित

सत्र 2024-25 से पीएचडी प्रवेश के लिए भी नेट स्कोर का उपयोग होगा। जून 2024 से नेट उमीदवारों को तीन श्रेणियों में पात्र घोषित किया जाएगा। पहला जेआरएफ के साथ पीएचडी में प्रवेश और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति, दूसरा जेआरएफ के बिना पीएचडी में प्रवेश और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और तीसरा केवल पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश, जेआरएफ पुरस्कार या सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति के लिए नहीं होगा। इसके अलावा कुछ अन्य शर्तों में भी परिवर्तन किया गया है।

#### नोटिस, सूचना बुलेटिन व आवेदन फार्म जारी

यूजीसी के अनुसार एनटीए ने यूजीसी नेट 2024 का नोटिसए इन्फॉर्मेशन बुलेटिन और एप्लिकेशन फॉर्म जारी कर दिया है। फॉर्म 10 मई तक भरे जा सकेंगे। फीस 11 से 12 मई रात 11.50 तक जमा करवा सकते हैं। इसके साथ ही आवेदन में 13 से 15 मई रात 11.50 बजे तक सुधार कर सकते हैं। परीक्षा के तीन दिन पहले आवेदकों को एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

#### 75 फीसद अंक जरुरी

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले ऐसे विद्यार्थी अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट में शामिल हो सकेंगे। इसके साथ ही जूनियर रिसर्च फैलोशिप के साथ या उसके बिना पीएचडी कर सकेंगे। ये वही कर सकेंगे जिनके कुल 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड हैं। अब तक नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ एमए की जरूरत होती थी। यही नहीं ऐसे विद्यार्थी अपने स्नातक पाठ्यक्रम के विषयों के अलावा किसी भी अन्य विषय में पीएचडी भी कर सकेंगे।

**जगदीश कुमार**
प्रमुख विश्वविद्यालय अनुदान आयोग।



## करोड़ों खर्च फिर भी नल जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

■ कटेली में पीने के पानी के लिए तरस रहे लोग

सरकार ने पीने का पानी घर-घर तक पहुंचाने के लिए नल जल योजना बनाई है। योजना के तहत सारंगढ़ जिले में शासन के करोड़ों रुपये खर्च कर पानी की टंकी का निर्माण किया गया है, लेकिन बावजूद इसके लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। सारंगढ़ जिले के कई गांव ऐसे हैंए जहां राज्य सरकार द्वारा नल जल योजना के तहत पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया है। लेकिन सरकार के कई करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई पंचायतों में पानी की टंकी बनने के बाद कनेक्शन दिए गए है। जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां पंचायतों में पानी की टंकी बनी है, लेकिन लोगों के घरों में कनेक्शन नहीं है। महज 5 हजार की आबादी वाले कटेली गांव में भी नल जल योजना का कुछ ऐसा ही हाल है। यहां पानी की टंकी बनी हैए लेकिन नलों में कुछ दिन बाद पानी आना बंद हो गया। ग्रामीण क्षेत्र की जनता को पानी नहीं मिल रहा। कोतमरा, कटेली, बोईरमाल, आसपास के गांव की जनता भी पीने के पानी के लिए तरस रही है। गर्मी के मौसम में पानी हर घर तक पहुंचना शासन का दायित्व है, लेकिन जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां पानी पाइप लाइन टूटी पड़ी है। प्रदेश सरकार ने नल जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पाइप द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा थाए लेकिन योजना की सच्चाई कुछ और ही है। इस समस्या पर संबंधित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन किसी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया।

## फुटपाथ पर सो रहे सुपरवाइजर को हाईवा ने कुचला, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत माला प्रोजेक्ट स्टारटेक इन्फ्रा लोजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड में सुपर वाइजर का काम करने वाल युवक को काम करने के बाद सड़क में चटाई बिछाकर सोना उस वक्त महंगा पड़ गया जब हाईवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिसिरिंगा में रहने वाले विशाल रावत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह भारत माला प्रोजेक्ट सिसरिंगा में पोकलेन चलाने का काम करता है। प्रतिदिन की भांति 30 अप्रैल की रात 07 बजे से सुबह 07 बजे तक काम कर रहा था कि इसी बीच रात्रि करीब साढ़े 12 बजे मेन रोड से करीब 200 मीटर आगे पुलिया के उस पार से शोर गुल की आवाज आने पर वह अपना काम रोककर जाकर देखा वहां पर करीब 4.5 हाईवा के ड्रायवर उपस्थित थे। मौके पर एक 19-20 वर्ष के लडके का शव सिर कुचला हुआ पडा था। वहां उपस्थित हाईवा के ड्रायवरों से पूछने पर बताया गया कि मृतक ग्राम नगपुरा थाना नवाग जिला बेमेतरा निवासी दृ गोपाल साहू जो भारत माला प्रोजेक्ट स्टारटेक इन्फ्रा लोजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड में सुपर वाइजर का काम करता था जो ड्यूटी के दौरान रात्रि होने से रोड किनारे चटाई बिछाकर सोया था कि उसी समय हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनव्ही 5044 का चालक अपने हाईवा ट्रक को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर रोड किनारे सोये हुए गोपाल साहू के सिर को कुचल दिया जिससे गोपाल साहू के सिर कुचलकर भेजा बाहर निकल गया एवं सीना में भी चक्का चढ जाने से सीना दब गया है जिससे मृतक की मौके पर मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### उड़नदस्ता दल ने बाजार से उतारे राजनैतिक दलों के झंडे बैनर

**रायगढ़।** गुरुवार को सुबह उड़नदस्ता दल क्रमांक 16 ने शहर के मध्य पार्टियों के झंडे निकालने की कार्रवाई की इस दौरान कुछ दुकानदारों ने इस कार्रवाई से नाराजगी जताई। वहीं कुछ दुकानदारों और मकानों में बिना अनुमति झंडा लगाने के कारण उन सभी झंडा को निकालकर जब्त किया गया।आचार संहिता लागू होने के बाद शुरुआत में नगर निगमए जिला प्रशासन द्वारा राजनीतिक दलों से के झंडा, तोरन और प्रचार सामग्री पर रोंक लगाई गई थी। अब नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्टी के बड़े नेता का आना जाना शुरू हुआ है तब फिर से शहर के मकान दुकान में झंडा लगाया गया है। इसी कारण फिर से एक बार उड़नदस्ता दल ने झंडा निकालने की कवायद शुरू की है।

## खिड़की का ग्रील तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में बीते बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने रायगढ़-जशपुर मार्ग के ढिमरापुर में स्थित इस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस के पीछे की खिड़की का ग्रील तोड़कर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के अलावा साइबर की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात चोरों ने ढिमरापुर चौक में स्थित इस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस के पीछे की खिड़की का ग्रिल तोड़कर अंदर रखे करीब 10 लाख रुपए से अधिक की नगदी रकम लेकर फरार हो गए। इस घटना की जानकारी आज सुबह वह वक्त लगी जब इंस्टाकार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में काम करने वाले लोग आफिस पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने तत्काल इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। लाखों की चोरी की जानकारी मिलते पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बीती रात इंस्टाकार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस लाखों की चोरी जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेलए साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गए हैं। अज्ञात चोरो को पकड़ने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही ताकि चोरों के बारे में जानकारी मिल सके जिससे उन तक पहुंचने में आसानी हो सके। साथ ही साथ साइबर टीम एवं पुलिस के द्वारा मुखबिरों का जाल बिछाकर अज्ञात चोरों की पतासाजी की जा रही है।

## मतदाताओं ने दीप जलाकर रौशन किया गणेश तालाब परिसर



**रायगढ़।** स्वीप मतदाता जागरूकता के तहत मंगलवार की शाम गणेश तालाब में दीप दान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान तालाब परिसर में उपस्थित मतदाताओं ने पूरे परिसर को दीप जलाकर रोशन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकिया गोयल ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद पैदल चलकर कलेक्टर श्री गोयल, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने तालाब परिसर का एक चक्कर लगाया और वहां उपस्थित सभी लोगों से 7 मई 2024 दिन मंगलवार को मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में परिसर में उपस्थित सभी जनों को निगम कमिश्नर चंद्रवंशी ने मतदान जरूर करने संबंधित शपथ दिलाई। पानी ने तैरते प्लाईवुड में स्वीप का मोनो और बाए हाथ की उंगली पर मतदान के प्रतीक को दिए से सजाया गया था। यह पानी में अपनी सुनहरी रौशनी बिखेर रही थी। तालाब के चारो ओर दिए जलाए गए थे। एक साथ पूरे परिसर में दिए की रोशनी जगमगा रही थी।

### दिव्यांगों ने निकाली मतदान जागरुकता रैली

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं समाज कल्याण विभाग के संयोजन में मतदाता जागरूकता के लिए दिव्यांग एवं वृद्ध जनों की सहभागिता में रायगढ़ बाल सदन, दुर्गा मंदिर परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। 1 मई को समाज कल्याण विभाग एवं स्वयंसेवी संगठनए मान्यता प्राप्त संचालित संस्थाओं के द्वारा मतदाता जन जागरुकता स्वीप रैली गौशाला चौक से होकर घड़ी चौकए सत्तीगुड़ी चौक होते हुए स्टेशन चौक पहुंची जहां चक्रधर बाल सदन के बालिकाओं के द्वारा मैं भारत हूं भारत है मुझमें गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

## गजदल के खतरे के बीच शराबी युवक जंगल में मिला बेसुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में एक तरफ लगातार जंगली हाथियों के दहशत से पूरा क्षेत्र थर्राया हुआ है, जिससे वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र के लोगों, ग्रामीणों को अलर्ट करने में लगी हुई है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ कुछ ग्रामीणों में इसका कोई असर नहीं पड़ रहा। कुछ लापरवाह ग्रामीणों द्वारा लगातार अपने जान को जोखिम में डाले हुए देखे जा रहे हैं। लापरवाह कृत्य करने का ऐसा ही एक मामला छाल रेंज से सामने आया है जहां पर रात्रि के 10 बजे जंगल किनारे शताब्दियों पीकर सोया हुआ था और वही नजदीकी में 100 मीटर की दूरी पर हाथियों का दो दल जिसमें 80 हाथी की टीम घूम रहे हैं। पूरा मामला धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज के हाटी से पुरूंगा कच्ची मार्ग का हैए जहां पर विक्रम सिंह जगतराम राठिया ग्राम तेंदूमुंड़ी निवासी बीते कल बुधवार की रात 10 बजे जंगल किनारे दारू पीकर सो गया था जहां पर उसके 100 मी नजदीक पर ही हाथियों का एक बड़ा दल विचरण कर रहा था। जिससे बड़ी घटित घटना होने की संभावना हो सकती थी। लेकिन वहीं रात्रि गश्त पर निकले वनविभाग की टीम की नजर उस ग्रामीण पर पड़ी और वहीं उप वनमंडलाधिकारी एवं वन विभाग की टीम द्वारा ग्रामीण को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। इसके बाद विक्रम सिंह राठिया को होश आने पर पूछा गया तो उसने बताया कि दारू पीकर से आ रहा था, नशा ज्यादा हो जाने के कारण वहीं सो गया था। लेकिन वन विभाग के लगातार समझाइ के बावजूद भी ग्रामीणों द्वारा इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा है, जिससे वनविभाग के समझ से परे है।

### लोकसभा निर्वाचनः मतदान की उल्टी गिनती शुरु, विभाग ने शुरु की तैयारी

# सभी मतदान केन्द्रों में टेंट, पेयजल व ओआरएस की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने 7 मई को लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान के पूर्व सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर अंतिम चरण पर चल रही तैयारियों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का होता है। जिसे सफलता पूर्वक संपन्न कराने काफी बड़ा मैनपावर लगा होता है।

मतदान की तैयारियों के लिए पूरा प्रशासनिक अमला पिछले कई दिनों से लगा हुआ है। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है। अतरू आप सभी से अपेक्षा रहेगी कि समय पूर्व अपनी तैयारी पूरी कर लेंए जिससे निर्वाचन का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया हेतु टेंट, पेयजल, ओआरएस, उपलब्धता अनुसार शर्बत अथवा नींबू पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए है। सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व उनके अधीनस्थ अधिकारियों को मतदान से एक दिन पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। मतदाताओं के लिए केन्द्रों में शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प व व्हीलचेयर की सुविधा मुहैय्या कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में वायरिंग की जांच कर ली जाए, कही पर लूज वायर न हो। सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों की सूची अलग.अलग स्थानों पर चस्पा करें जिससे सामग्री वितरण के लिए लोग आसानी से अपने काउंटर पर उपस्थित हो सके। उन्होंने माइक्रो आब्जवर्स के लिए अलग काउंटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के लिए मतदान दल सुबह से ही पहुंचने लगेंगेए उसके पहले सभी अधिकारी-कर्मचारी समय से अपनी ड्यूटी पर तैनात हो जाए, जिससे सामग्री वितरण का कार्य जल्द संपन्न हो सके। किसी प्रकार की दिक्कत आये तो तत्काल उच्च अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का समाधान करें। उन्होंने सेक्टर ऑफिसर्स द्वारा दिए जाने वाले रिपोर्टिंग को भी समय से भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान दलों के आवागमन हेतु पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था, उक्त वाहनों की फिटनेस, गाडियों में मेडिकल किट व फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था के निर्देश दिए। मतदान सामग्री वितरण स्थल केआईटी में व्यवस्थित पार्किंग तैयार करने के लिए कहा। मतदान दल की रवानगी व वापसी के समय भारी वाहनों की आवाजाही व ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए जवानों को तैनात करने के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बस व छोटे वाहन मिलाकर 600 से अधिक गाडियां चुनाव ड्यूटी में तैनात रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### व्यय लेखा प्रस्तुत करने दी गई नोटिस

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के निर्दलीय अभ्यर्थी अभय कुमार एक्का को 30 अप्रैल तक व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु सूचना पत्र दिया गया था। किन्तु उनके अथवा उनके अभिकर्ता द्वारा अभ्यर्थी व्यय पंजी निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए। इस संबंध में अभय कुमार एक्का को 3 दिवस के अंदर कारण दर्शित करते हुए अपना स्पष्टीकरण रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 02 रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है, अन्यथा आईपीसी की धारा 171 झ के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर उन्हें प्रदान की गई वाहन अनुमति अन्य समस्त अनुज्ञा के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं व्यय प्रेक्षक के द्वारा 22 अप्रैल को कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के सभाकक्ष में सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें अभ्यर्थियों को अभ्यर्थी व्यय पंजी के 3 बार निरीक्षण किए जाने हेतु 25 अप्रैल, 30 अप्रैल तथा 6 मई का सूचना पत्र दिया गया था, किन्तु अभय कुमार एक्का द्वारा किए गए समस्त व्यय का लेखा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत निर्धारित प्रारूप में रखा जाकर आपके अभिकर्ता द्वारा द्वितीय निरीक्षण 30 अप्रैल 2024 को अपना अभ्यर्थी का व्यय लेखा प्रस्तुत किया जाना था किन्तु नियत तिथि एवं स्थान पर उनके द्वारा स्वयं या अभिकर्ता द्वारा अभ्यर्थी व्यय पंजी निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए।

### मतदाताओं को प्रेरित करने सार्वजनिक स्थलों में लगे फ्लेक्सी

**पुसौर।** जिला निर्वाचन के निर्देश पर पुसौर क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों में तहसीलदार नेहा उपाध्याय नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा एवं उनका टीम ने मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने छत्तीसगढी, हिन्दी एवं उडिया भाशा के फ्लेक्सी लगाए जा रहे हैं। उक्ताशय को लेकर तहसीलदार नेहा उपाध्याय ने बताया कि मतदान का प्रतिशत पुसौर क्षेत्र के कुछ गांवों में कम होने की वजह से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने इस तरह का बीडा उठाया गया है ताकि मतदान का प्रतिशत में इजाफा हो सके। इसी कड़ी में इन्होंने बताया कि बहरहाल तहसील मुख्यालय के बैंक, प्याउ, सहित शासकीय अशासकीय कार्यालयों में इस आशय का बेनर चिपकाया गया है।

## निधन/श्रद्धांजलि

### श्रीमती सुधा पांडेय



**रायगढ़।** खरसिया ब्लॉक के ग्राम टांडापारा पाण्डेय परिवार की बहू एवं वेब मीडिया के सह संपादक निमेष पाण्डेय की माता श्रीमती सुधा पाण्डेय निवासी बैकुण्ठपुर का 57 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है। पिछले कुछ महीनों से उनकी तबियत खराब चल रही थी। श्रीमती पाण्डेय अपने पीछे पुत्र निमेष पाण्डेय भुरू पुत्री सोमा, दामाद प्रतिक शर्मा और नाती अवि समेत भरा.पूरा परिवार रोता छोड़ गईं। दिवंगत की अंतिम यात्रा बैकुंठपुर स्थित निवास से गुरुवार सुबह 9 बजे निकाली गई।

### बंशी पटेल



**सरिया।** फोटोग्राफर एशोसियेशन रायगढ़ आरपीए के संस्थापक सदस्य एवं संस्था के वरिष्ठ सदस्य बंशी पटेल का आकस्मिक निधन विगत 23 अप्रैल को हो था। जिन्हे श्रद्धांजलि देने आरपीएफ परिवार ने 2 मई को सवेरे 10 बजे कँवर मल देवनदास धर्मशाला कच्ची खोली, सिंधी कालोनी रायगढ़ में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में रायगढ़ फोटोग्राफर एशोसियेशन के संरक्षक योगेश पांडेय ने इस दौरान कहा कि वंशीधर पटेल से अपूर्णीय क्षति हुई है। जो पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वंशीधर पटेल एक बेहतरीन व मिलनसार व्यक्तितत्व थे।

### खरसिया के राइस मिलर की गाड़ी

# ट्रेलर का नंबर लगाकर चावल जमा करने पहुंचा ट्रक! पूछताछ हुई तो भागा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया में धान उठाव और चावल जमा करने में जो खेल हो रहा है वह सोच से परे है। सरकारी एजेंसियों की लापरवाही और सांठगांठ से ट्रांसपोर्टर और राइस मिलर ब्लैक लिस्टेड वाहनों से अवैध काम करवा रहे हैं। तीन दिन पहले एक गोदाम में राईस मिलर ने चावल जमा करने ट्रक भेजा। इसमें जो नंबर था, वह ट्रेलर का नंबर था। इसकी जानकारी गोदाम मैनेजर को हुई तो ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया।

भारतीय खाद्य निगम की तरह ही राइस मिलर भी चावल जमा करने में ऐसी गाडि़यों का उपयोग कर रहे हैं, जिनके नंबर ही नहीं हैं। टैक्स बकाया होने या फिटनेस नहीं होने के कारण ऐसे ट्रकों को खरसिया के आसपास ही चलाया जाता है। नया मामला एसडब्ल्यूसी खरसिया का है। यहां खरसिया के एक राइस मिलर ने गाड़ी क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 351 में चावल लोड कर गोदाम भेजा था। गाड़ी खाली होने के पहले गोदाम मैनेजर ने पूछताछ की। तब पता चला कि गाड़ी का नंबर ही फर्जी है। ट्रक में ट्रेलर का नंबर डालकर चलाया जा रहा था। इसके बाद ड्राइवर ने गाड़ी वापस मोड़ ली। इसका खुलासा होने के बाद एक और राइस मिलर ने सीजी 11 एबी 370 में चावल जमा करने भेजा। यह नंबर भी फर्जी निकला। यह उस ट्रक का नंबर था ही नहीं जिसमें चावल लोड था।

खरसिया में ट्रांसपोर्टर और राइस मिलरों ने मिलकर ऐसी कंडम गाडि़यों की कतार लगा दी है। किसी का फिटनेस नहीं है तो किसी का फर्जी बीमा हुआ है। मजे की बात यह है कि ऐसी गाडि़यों से भारतीय खाद्य निगम, मार्कफेड और नागरिक आपूर्ति निगम काम करवा रहे हैं।



एफसीआई गोदाम के सामने चावल का लॉट जमा करने कतार में लगे ट्रक।

**आरटीओ, एफसीआई में सब सेट**

रायगढ़ और खरसिया मिलाकर 100 से ज्यादा ऐसी गाडियां चल रही हैं। इन गाडियों का बीमा थोक में एक गिरोह करता है। बाइक के नाम से बीमा हो जाता है। ऐसी गाडियों पर कार्रवाई करने में आरटीओ बेबस है। एफसीआई में तो सब कुछ सेटिंग में चल रहा है। बताया जा रहा है कि एफसीआई के हेड ऑफिस तक मामला चला गया है।

# आपूर्ति निगम के गोदामों में कई तरह के अघोषित टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चावल जमा में सीडब्ल्यूसी एवं एसडब्ल्यूसी में भारतीय खाद्य निगम का चावल जमा होता है। पूर्व में चावल तौलाई व्यय भी मिलरों से लिया जाता था, जो बंद कर दिया गया, लेकिन नागरिक आपूर्ति निगम के चावल जमा में लिया जाने वाला तौलाई व्यय जारी है। इस राशि का कोई हिसाब नहीं क्योंकि कोई रसीद नहीं मिलती।

धर्मकांटा तौलाई व्यय का मामला भी दिलचस्प है। पूर्व के वर्षो में चावल जमाकर्ता कस्टम मिलरों से प्रति ट्रक तौलाई व्यय लिया जाता था। इस वर्ष भारतीय खाद्य निगम ने धर्मकांटा व्यय मिलर से लेना बंद कर दिया है। चावल जमा में केंद्र की नीति का राज्य शासन अनुसरण करते हैं। इसके बावजूद नान में कस्टम मिलिंग धर्मकांटा व्यय वसूला जा रहा है। सीडब्ल्यूसी और एसडब्ल्यूसी के गोदामों में जमा चावल की धर्मकांटा तौलाई व्यय मिलर से वसूली की जाती है।

यह ऐसी राशि है जिसका कोई रिकॉर्ड नहीं होता। रकम कहां जाती है, इसका भी कुछ पता नहीं चलता। पूरे प्रदेश में प्रतिदिन लाखों रुपए वसूले जाते हैं।

हैरानी की बात यह है कि सीडब्ल्यूसी और एसडब्ल्यूसी के गोदामों में धर्मकांटे भी खराब कर दिए जाते हैं। इसे नहीं बनवाया जाता। दूसरे गोदाम से वजन करवाने पर अवैध रकम वसूली की जा रही है। इसकी कोई रसीद ड्राइवर को नहीं मिलती। यह राशि किसकी जेब में जाती है, पता नहीं।

### कांग्रेसी नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**सरसींवा।** भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर 30 अप्रैल को माता शबरी के धाम शिवरीनारायण में आयोजित बीजेपी के विजय संकल्प रैली में उपस्थित प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा के दिग्गज नेताओं के समक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौशल द्रुबे और लक्ष्मीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में दर्जनों कांग्रेसी समर्थक हुए भाजपा में शामिल।

# एनटीपीसी लारा में मजदूर दिवस पर श्रमिक सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला



**रायगढ़।** एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में और एक सुरक्षित कार्यस्थल के लिए सुरक्षा संस्कृति के निर्माण के लिए संविदा श्रमिक को सुरक्षा के बारे में जागरूक बनाने के लिएए 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर लारा में समूहिक सुरक्षा वार्ता का आयोजन किया गया।

अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, लारा ने श्रमिक को संबोधित किया और उनके योगदान को रेखांकित किया किसी संगठन, राज्य और देश के समग्र विकास के लिए श्री सिंह ने उस उद्योग के विकास और हमारे राष्ट्र के विकास के लिए कुशल जनशक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख लारा द्वारा 10 श्रमिकों को उनके अच्छे सुरक्षा व्यवहार के लिए सम्मानित किया गया। सूरज मेश्राम, क्षेत्रीय ईएसआईसी अधिकारी रायगढ़ ने श्रमिकों के कल्याण के लिए ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न योजनाओं और लाभों के बारे में बात की।

श्रमिकों के बीच सुरक्षा संस्कृति के निर्माण के लिए, काम पूरा होने से पहले और बाद में नियमित सुरक्षा वार्ता आयोजित की जाती है। श्रमिकों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्हें इससे जुड़ी कोई सुरक्षा चिंता महसूस हो तो वे काम शुरू न करें। व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति संबंधित कर्मी की पूर्ण संतुष्टि के बाद कार्य पुनः प्रारंभ करें।

सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराने के लिए एनटीपीसी लारा द्वारा विभिन्न पहल की गई हैं। इस अवसर पर राजीव रंजन, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, रविशंकरए महाप्रबंधक परियोजना, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और बड़ी संख्या में संविदा श्रमिक उपस्थित थे।

### महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधर नगर टीआई प्रशांत राव आहेर को बालसमुंद के पास एक व्यक्ति को अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब लेकर पैदल पहाड़ मंदिर की ओर जाने की सूचना प्राप्त हुई। स्टाफ द्वारा बालसमुंद नाला के पास संदेही व्यक्ति को प्लास्टिक बोरा में 10 लीटर क्षमता वाली जरकिन में करीब 09 लीटर महुआ शराब कीमती 1,350 के साथ हिरासत में लिया गया। आरोपी अख्तर खान पिता स्व. तहरूददीन खान उम्र 59 वर्ष निवासी भगवानपुर, बच्छी बस्ती थाना भगवानपुर जिला मेदनीपुर पश्चिम बंगाल हाल मुकाम साहेबराम नगर।

### खराब हुआ नया लैपटाप हर्जाना भरने का निर्णय

**रायगढ़।** उपभोक्ता आयोग ने नया लैपटॉप के 18 मर्तबे खराब होने के मामले में पीड़ति के पक्ष में अहम फैसला दिया है। फरियादी के लैपटॉप को विनायक कम्प्यूटर्स पूरी तरह दुरुस्त करेगा या फिर उसे नया लैपटॉप देगा। यही नहीं, पीड़ति को मानसिक अभित्रास और वाद व्यय भी दिलाने की पहल हुई है। न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक शहर के बेलादुला निवासी प्रकाश चन्द्र मिश्रा ने विगत 17 सितंबर 2020 को अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए रेलवे स्टेशन रोड के नायक बाड़ा स्थित अंकित नायक के विनायक कम्प्यटर्स से 33 हजार रुपए में नया लैपटॉप खरीदा था। दुकानदार ने लैपटॉप की क्वालिटी को बेहतर बताते हुए सालभर की वारंटी का दावा भी किया था, मगर चौथे रोज यानी 20 सितंबर को लैपटॉप में खराबी आ गई। प्रकाश जब लैपटॉप को लेकर विनायक कम्प्यूटर्स गया तो हार्डडिस्क में परेशानी होने पर उसे बदल दिया गया। कुछ दिन के बाद चित्र नहीं दिखने पर लैपटॉप फिर दुकान पहुंचा तो रैम बदला गया। इस तरह जब नए लैपटॉप के 18 मर्तबे खुलने पर मदरबोर्ड में खराबी आई और प्रकाश ने दुकानदार से न्यू लैपटॉप की मांग की तो प्रोपराइटर ने उसे नहीं दिया।

# कंट्रोल रुम में पैरामिलिट्री अफसरों की बैठक, चुनाव सुरक्षा की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए आए 11 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियों के अफसरों के साथ गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में पुलिस अधीक्षक डा. दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सेंट्रल फोर्स के अफ़सरों को जिले की भौगोलिक स्थिति,ए मतदान केन्द्रों, ऑब्जर्वर, निर्वाचन अधिकारियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

उन्होंने पैरामिलिट्री फोर्ट के रूकने के स्थान, रूट प्लान, पोलिंग डे ड्यूटी और अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटी को लेकर अफसरों से चर्चा किये और प्रशासन व पुलिस की तैयारियों की जानकारी दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सामान्य और संवेदनशील श्रेणी के मतदान केंद्र पर अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। अधिकतर बूथों को सीसीटीवी लैस किया गया है। प्रशासन और पुलिस सभी विभागों के साथ कार्डिनेशन बनाकर कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव ड्यूटी में अर्धसैनिक बलों किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के मोबाईल नंबर साझा किए। पुलिस अधीक्षक बताये कि जिले में संपन्न हुए पूर्ववर्ती चुनावों में कोई बड़ी चुनावी घटना या कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं देखी गई है। जिले के मतदाता प्रशासन और सुरक्षाबलों का सहयोग करते हैं। उन्होंने सुरक्षाबलों को चुनाव में निष्पक्ष होकर अपने कर्तव्यों को संपादित करने कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने धरमजयगढ़ और लैलूंगा विधानसभा के कुछ क्षेत्रों में हाथियों का विचरण की जानकारी दिये और बताये कि जब तक हाथियों को ना छेड़े वे नुकसान नहीं पहुंचाते। हाथियों को ना छेड़े वनविभाग के कर्मचारीए हाथी रक्षा दलए पुलिस के जवान उन्हें नियंत्रित कर दूर करेंगे। उन्होंने फोर्स के अधिकारियों को उनके जवानों के ठहरने और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस नोडल अधिकारी डीएसपी अखिलेश कौशिक से सीधे संपर्क करने कहा गया व जवान उपस्थित रहे।

# सूने मकान में गहने, जेवर और नकदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोनूमुडा देवार पारा रहने वाले भोजनालय संचालक के सूने मकान में चोरो ने धावा वे इस मकान में किराए पर रहते थे। मकान में चोरो ने धावा बोलकर बैंक से लोन में लिए नगदी रकम, चांदी के कंगन को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट पीड़ति ने 20 दिन बाद थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया है।

जानकारी के मुताबिक विकास भट्ट पिता प्रकाश भट्ट उम्र 43 वर्ष सोनूमुडा देवार पारा रायगढ़ थाना जूटमिल जिला रायगढ़ का रहने वाला हैं। विकास वर्तमान में इंदिरा नगर फग्गुवाडी रायगढ़ में किराए पर रहता हैं। केंवडबाबाडी बस स्टैंण्ड रायगढ़ में विकास भोजनालय नाम से भोजनालय का संचालन करता हैं। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि वह आठ अप्रैल को होटल बंद कर रात्रि करीबन 10 बजे किराये मकान में पहूंचा तो देखा कि रूम का ताला टुटा हुआ थाए कमरे के अंदर जाकर देखा तो उसके होश फ़क्ते हो गएए अलमीरा का ताला टुटा हुआ एवं समान बिखरा पडा हुआ था।

उन्होंने यह बताया पूर्व में इंडसइंड बैंक शाखा चांदमारी रायगढ़ से 1 लाख 40 हजार रूपये पर्सनल लोन लिया था, जिसमें से कुछ रकम होटल में खर्च किया था और बचत रकम लगभग 50 हजार रूपये एवं मेरी पत्नी के पुराने इश्तेमाली चांदी के 04 नग कंगन को अलमीरा में रखा था। प्रार्थी विकास ने बताया जब उसकी पत्नी राशन लेने के लिए आई थी तब चोरी की वारदात हुई है। बहरहाल प्रार्थी के आवेदन अवलोकन पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरूद्ध अपराध धारा 457, 380 भादवि में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया हैं।

# सेंट्रल स्कूल में चल रहे माइक्रो आब्जर्वर्स मतदान दल के प्रशिक्षण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के केंद्रीय विद्यालय में चल रहे माइक्रो आब्जवर्स, मतदान दलों के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्वाचन में निष्पक्षता बनाए रखने में आपका कार्य महत्वपूर्ण होगा। सभी अपने मतदान केंद्रों में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक क्रियाकलापों पर नजर रखते हुए उनका रिपोर्ट तैयार कर सामान्य प्रेक्षक को प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्माए डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी माइक्रो आब्जवर्स को प्रशिक्षण में निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया से अवगत होने को कहा ताकि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस दौरान उन्होंने मिक्स मतदान दल एवं संगवारी मतदान केंद्र के दल के प्रशिक्षण कक्ष भी पहुंचे।

उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान दिवस के दिन किए जाने वाले सभी गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर मॉकपोल, सीआरसी, नियत समय पर वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान समाप्ति घोषणा, क्लोज जैसे प्रत्येक प्रक्रिया को किया जाना अति आवश्यक है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के लिहाज से मतदान दलों को मेडिकल किट प्रदान किया जाएगा, साथ ही सभी मतदान दिवस पर पर्याप्त पानी ओआरएस लेते रहें। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा मतदान केद्रों में कूलर की व्यवस्था की जा रही हैं, ताकि कार्य में आपको किसी प्रकार की दिक्कत न हो।



प्रशिक्षण का निरीक्षण करते कलेक्टर कार्तिकेय गोयल।

# ग्राम ननसिया में बही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा की रसधार



**रायगढ़।** श्रीमद्भागवत की कथा हमें मृत्यु के भय से मुक्त करती है मोक्ष का मार्ग बताती है मृत्यु तो सनातन सत्य है सात दिनों में सबको आनी ही है लेकिन जो श्रद्धाभाव से भागवत की कथा सुनते हैं उन्हें मृत्यु का भय सता नहीं सकती इसीलिए सुखदेव महामुनि से राजा परीक्षित ने भागवत की कथा सुनने के बाद कहा कि अब मुझे मृत्यु का कोई भय नहीं रह गया क्योंकि मैं देह से उपर उठ चुका हूँ और उन्हे सुकदेव जी ने सफल श्रोता बताया था। उक्त ज्ञानवर्धक बातें ग्राम ननसिया में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में एकादश स्कंद की कथा सुनाते हुए कथा व्यास पीठ से ग्राम घानातराई निवासी सेवानिवृत्ति व्याख्याता खगेश्वर पटेल गुरूजी ने कही। कथा के सप्तम दिवस श्री पटेल ने नव योगेश्वर कथा, उद्धव गोपी संवाद, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, सुकदेव विदाई सहित भागवत कथा से संबंधित विभिन्न प्रसंगों को सुमधुर एवं भावपूर्ण ढंग से संगीतमय सुनाकर उपस्थित श्रोता समुदाय को मुग्ध किया। कथा विश्राम के अवसर पर ग्राम के प्रतिष्ठित लक्ष्मण पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए समस्त सहयोगियों का धन्यवाद दिया वहीं मानस प्रवक्ता एवं व्याख्याता भोजराम पटेल ने भागवत कथा आयोजक गण, व्यासपीठ, श्रोता समुदाय तथा ग्राम ननसिया वासियों को विशेष साधुवाद देते हुए अपना वक्तव्य दिया एवं जगत में कोई न परमानेंट गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी छवि नायक ने भी अपनी काव्यमय भावना प्रस्तुत की। कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान प्रतिदिन प्रसंगों पर जीवंत झांकियां निकाल कर उपस्थित श्रद्धालुजनों को विशेष रूप से प्रभावित किया गया।

# स्काई अलॉयज उद्योग ने किया स्काई 550 टीएमटी लॉन्च



**खरसिया।** भारतीय इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट स्काई कंपनी ने अपने कारोबार में नई उड़ान भरते हुए रायगढ़ के होटल श्रेष्ठा में एक बड़े पैमाने पर स्काई टीएमटी 550 का ग्रैंड लॉन्चिंग किया। इस उत्सव में स्काई कंपनी के उच्चाधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

स्काई कंपनी के डायरेक्टर्स ने इस प्रोडक्ट को देश की ताकत के रूप में प्रमोट करने का दावा किया कि स्काई कंपनी अपनी गुणवत्ता के दम पर लोगों की आकांक्षाओं में खरा भी उतरेगा। गौरवमय लॉन्चिंग प्रोग्राम की शुरुआत स्काई कंपनी के डायरेक्टरों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इवेंट कलाकारों ने विघ्न विनाशक गणेश वंदना के साथ आकर्षक प्रस्तुति देकर लोगों को मोहित किया। स्काई के चेयरमेन रवि सिंघल सहित कंपनी के प्रमुख संदीप अग्रवाल, संजय गोयल, विकास अग्रवाल, सुनील सिंघल, विनय अग्रवाल, अभिजीत अग्रवाल, अवसर पर फूलों से आत्मीय स्वागत सत्कार किया गया जिसके बाद सामूहिक रूप से कंपनी प्रमुखों ने स्काई टीएमटी 550 को लॉन्च किया और प्रोडक्ट की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया। स्काई परिवार से जुड़े प्रमुखों ने इवेंट लॉन्च में मौजूद डीलर और मीडिया का स्वागत करते हुए बताया कि डायरेक्टर्स ने आगे कहा कि प्लांट में 95 हजार मीट्रिक टन प्रतिवर्ष निर्माण करने की क्षमता है। स्काई टीएमटी रिबार को एक अद्वितीय रिब डिजाइन प्रदान करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई नवीनतम मशीनों का उपयोग किया जाता है। हमारे रिबार की लगातार बढ़ती मांग और उपयोगकर्ताओं की सबसे सुखद संतुष्ट टिप्पणियाँ यह साबित करती हैं कि यह सबसे उचित कीमतों पर उपलब्ध आदर्श और मजबूत टीएमटी रिबार है।




